हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 17 मार्च 2026

06 जेल विभाग की निजी स्त्रोत योजना शुरू होने से...



07 कलाकारों ने दी पारंपिरक नृत्य की प्रस्तुति, धुनों पर झूम...





## नगरपालिका के खिलाफ कांग्रेस की रैली, तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

# कांग्रेसी बोले: स्वच्छता अभियान के नाम पर लाखों खर्च, फिर भी शहर बदहाल

*विदिशा नगरीय निकाय को शासन से डबल-प्लस श्रेणी का दर्जा प्राप्त है और हर वर्ष करोड़ों का बजट खर्च किया जाता है, इसके बावजूद शहर की स्थिति बदहाल बनी हुई है। जिसके विरोध में सोमवार को कांग्रेसियों ने जमकर प्रदर्शन किया।*



विदिशा। नगरपालिका के सामने सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसी पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सोमवार को कांग्रेस ने नगरीय निकाय के खिलाफ रैली निकालकर प्रदर्शन कर नारेबाजी कर दी। माधवगंज चौराह से होते हुए कांग्रेसी रैली के रूप में तिलक चौक होते हुए नपा कार्यालय पहुंचे। हाथों में तख्तियां लेकर निकाय और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी की।

नगरीय निकाय कार्यालय पहुंचकर कांग्रेस नेताओं ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया और मौके पर पहुंचे तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए विभिन्न मांगों पर कार्रवाई की मांग की। रैली के समापन पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि विदिशा नगर प्रशासन को शासन से डबल-प्लस श्रेणी का दर्जा प्राप्त है और हर वर्ष करोड़ों रुपये का बजट खर्च किया जाता है, इसके बावजूद शहर की स्थिति बदहाल बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि शहर की कई सड़कों को बिना किसी ठोस कार्य योजना के बार-बार खोद दिया जाता है, जिससे व्यापारियों का व्यापार प्रभावित हो रहा है। रघुवंशी ने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा पिछले वर्षों में 50 से अधिक कचरा वाहन खरीदे गए थे, लेकिन देखरेख के अभाव में आधे से अधिक वाहन कबाड़ हो चुके हैं। वहीं हर माह लाखों रुपए का डीजल खर्च दिखाया जाता है, जबकि सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त नजर आती है। जबकि जनता पर कचरा टैक्स का आर्थिक बोझ डाला जा रहा है।

### अगले चरण में कलेक्ट्रेट का घेराव करनी की तैयारी में कांग्रेसी

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने कहा कि नगरीय प्रशासन की विभिन्न शाखाओं में वर्षों से अपने चहेते और अपात्र व्यक्तियों को प्रभारी बनाया गया है, जो जनता के हितों की बजाय निजी स्वार्थों पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कलेक्टर से मांग की कि योग्य और पात्र अधिकारियों को विभिन्न शाखाओं की जिम्मेदारी सौंपी जाए तथा अपात्र लोगों को उनके मूल पदों पर वापस भेजा जाए। रघुवंशी ने कहा कि नगर पालिका के अंतर्गत आने वाली दुकानों का किराया मनमाने तरीके से बढ़ा दिया गया है, जबकि शहर का सीवेज का पानी बेतवा नदी में मिलकर प्रदूषण फैला रहा है और नागरिक उसी पानी को पीने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका परिषद के तीन वर्ष पूरे होने के बावजूद उपलब्धियों के नाम पर केवल बैठकों में हंगामा और अभद्र भाषा ही देखने को मिली है। रघुवंशी ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो कांग्रेस आगामी चरण में कलेक्ट्रेट का घेराव करेगी। प्रदर्शन में कांग्रेस के विभिन्न मोर्चा संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल रहे।

### व्यापारियों ने किया सड़कों पर प्रदर्शन

विदिशा नगर में तिलक चौक से गांधी चौक होते हुए नीमताल तक पाइपलाइन डालने के लिए करीब एक माह पहले सड़क खोदी थी, लेकिन अब तक इसकी मरम्मत नहीं की गई है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और लगातार उड़ती धूल के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। दुकानदारों का कहना है कि धूल से दुकानों में रखा सामान खराब हो रहा है और ग्राहक भी दुकानों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे उनका व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इस स्थिति से नाराज तिलक चौक के व्यापारियों ने सड़क पर उतरकर नगरपालिका के खिलाफ नारेबाजी की। सूचना मिलने पर नगरपालिका के अधिकारी आरके वर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने व्यापारियों से चर्चा कर जल्द ही सुधार कार्य कराने का आश्वासन दिया। व्यापार महासंघ के पूर्व उपाध्यक्ष संजीव जैन ने बताया कि सड़क खोदे जाने के बाद से व्यापारियों की स्थिति खराब हो गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़क का निर्माण नहीं कराया गया तो व्यापारी बड़ा आंदोलन करेंगे। व्यापारियों ने यह भी आरोप लगाया कि नपा द्वारा सड़क पर धूल कम करने के लिए पानी का छिड़काव भी नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण लोगों को सांस संबंधी दिक्कतें होने लगी हैं।

## आठ साल से बिना डायवर्जन चल रहा गार्डन सील किया

**राजस्व विभाग की टीम ने वसूली अभियान के तहत कार्रवाई की**



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

राजस्व विभाग ने डायवर्जन शुल्क वसूली अभियान चलाया है। सोमवार को तहसीलदार, नायब तहसीलदार और राजस्व विभाग की टीम ने शहर में मैरिज गार्डन, स्कूल, अस्पताल सहित अन्य व्यावसायिक संस्थानों का निरीक्षण किया। रामलीला मैदान के पीछे स्थित यादव मैरिज गार्डन को डायवर्जन शुल्क बकाया होने पर सील कर दिया गया। यह गार्डन पिछले लगभग 8 वर्षों से बिना डायवर्जन के संचालित हो रहा था। तहसीलदार निधि पटेल ने बताया कि विदिशा तहसील में 38 लाख राजस्व वसूली लंबित है। इसी राशि की वसूली के लिए राजस्व विभाग की टीम निरीक्षण कर रही है और शुल्क जमा न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### 30 जून के बाद 100 प्रतिशत पेनल्टी के साथ भुगतान करना होता है

उन्होंने यह भी बताया कि शासन के नियमानुसार, कृषि भूमि का व्यावसायिक उपयोग करने पर डायवर्जन शुल्क जमा करना अनिवार्य है। 1 अप्रैल से 30 जून तक यह शुल्क बिना किसी पेनल्टी के जमा किया जा सकता है, जबकि 30 जून के बाद 100 प्रतिशत पेनल्टी के साथ भुगतान करना होता है। तहसीलदार पटेल ने बताया कि डायवर्जन शुल्क जमा न करने वाले मैरिज गार्डन, पेट्रोल पंप और अवैध कॉलोनियों की सूची भी तैयार की गई है, जिन पर जल्द कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बकाया डायवर्जन शुल्क जमा होते ही यादव मैरिज गार्डन को खोलने की अनुमति दे दी जाएगी।

## नए सत्र की तैयारी को लेकर एसडीएम ने निजी स्कूल संचालकों की बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर




नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियों और स्कूल शिक्षा विभाग के नियमों के पालन को लेकर सोमवार को एसडीएम कार्यालय ग्यारसपुर में निजी विद्यालय संचालकों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता एसडीएम शशि मिश्रा ने की, जिसमें बीआरसी ज्ञान सिंह अहिरवार सहित ब्लॉक के निजी स्कूल संचालक मौजूद रहे। बैठक में एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नए सत्र में किसी भी स्थिति में 10 प्रतिशत से अधिक फीस वृद्धि नहीं की जाएगी। साथ ही सभी विद्यालयों में केवल एनसीईआरटी की पुस्तकों का ही उपयोग सुनिश्चित किया जाए और निजी प्रकाशकों की किताबें अनिवार्य न की जाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि स्कूलों की किताबें और कॉपियां किसी एक ही दुकान पर उपलब्ध न कराई जाएं, बल्कि अलग-अलग दुकानों पर रखी जाएं, ताकि अभिभावकों को किसी एक स्थान से खरीदारी के लिए बाध्य न होना पड़े। एसडीएम ने कहा कि शिक्षा विभाग के नियमों के अनुसार ही नए सत्र की शुरुआत की जाए। शिकायत मिलने पर संबंधित विद्यालय के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### वर्धा में जलमहोत्सव आज



**विदिशा।** नटेरन तहसील के वर्धा गांव में मंगलवार को जल महोत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा मौजूद रहेंगे।

### 19 और 20 मार्च को मंडी में होगी नीलामी

**विदिशा।** 26 मार्च से 3 अप्रैल तक कृषि उपज मंडी में 9 दिन तक उपज की नीलामी नहीं हो सकेगी। अनाज तिलहन उत्थान कल्याण संघ के महामंत्री महेंद्र जैन ने बताया कि लगातार अवकाश के कारण 19 मार्च गुरुवार को गुडी पड़वा और 20 मार्च शुक्रवार को झूलेलाल जयंती पर मंडी में नीलामी कार्य चालू रखा जाएगा।

### होमगार्ड में दिया जा रहा 7 दिवसीय प्रशिक्षण

**विदिशा।** होमगार्ड कार्यालय में युवा आपदा मित्र योजना अंतर्गत 7 दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में नेहरू युवा केंद्र के लगभग 150 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट मयंक कुमार जैन व प्लाटून कमांडर रश्मि दुबे के नेतृत्व में एसडीईआरएफ टीम द्वारा प्रतिभागियों को सीपीआर व प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया तथा व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। अग्निशमन विभाग ने आग से बचाव व फायर उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी।

### कांच मंदिर का तीन दिवसीय समारोह जारी

**विदिशा।** माधवगंज चौराह स्थित कांच मंदिर में मंदिर की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर त्रिदिवसीय शताब्दी समारोह मनाया जा रहा है। 15 मार्च को अखंड रामायण पाठ से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। 16 मार्च को दूसरे दिन शाम 8 से 10 बजे तक मंदिर परिसर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं से परिवार सहित शामिल होने की अपील की गई है। 17 मार्च को सुबह 9 से 11 बजे तक प्रसाद वितरण, ब्राह्मण भोज व कन्या भोज आयोजित होगा। इस अवसर पर आचार्य परिवार के सदस्यों को मंदिर सेवा के 100 वर्ष पूर्ण होने पर सम्मानित भी किया जाएगा।

### राज्य स्तरीय शिविर से लौटी छात्रा का सम्मान

**विदिशा।** सेंट मेरी पीजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्रा कु. पलक बानित्कर (बीएससी प्रथम वर्ष) को राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट सहभागिता के लिए सम्मानित किया गया। यह शिविर 8 से 14 मार्च तक चित्रकूट स्थित दीनदयाल शोध संस्थान उद्यमिता परिसर, तहसील मझगवां जिला सतना में आयोजित हुआ था, जिसमें बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय की ओर से छात्रा ने भाग लिया। शिविर में टीम वर्क, समस्या समाधान, संचार कौशल और प्रभावी नेतृत्व जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। संस्था लौटने पर संचालक फादर सिटो वर्गीज और प्राचार्य डॉ. धीरेंद्र सचान ने छात्रा का सम्मान किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अरविंद द्विवेदी सहित स्टाफ व छात्रों ने बधाई दी है।

### मां कर्मा जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**ग्यारसपुर।** साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा देवी की जयंती नगर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर साहू धर्मशाला में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर समाज के लोगों ने मां कर्मा देवी से सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद साहू धर्मशाला से शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए तहसील परिसर तक पहुंची और पुनः धर्मशाला में समाप्त हुई। यात्रा में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में कलश लेकर शामिल हुईं, वहीं समाज के युवा और वरिष्ठजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान संघ ने किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया

**नरवाई के झूठे प्रकरणों पर रोक लगाने की मांग**




हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

भारतीय किसान संघ के स्थापना दिवस पर सोमवार को किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया गया। किसान गांधी चौक पर एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि नरवाई प्रबंधन के नाम पर किसानों का उत्पीड़न बंद किया जाए। उनका आरोप था कि कई बार खेतों में आग अन्य कारणों से लगती है, लेकिन बिना जांच किसानों पर प्रकरण दर्ज कर दिए जाते हैं। किसानों ने गेहूं की सरकारी खरीदी 2700 प्रति क्विंटल करने की मांग दोहराई। ज्ञापन में प्रतिदिन 10 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति, खराबी से बाधित बिजली की भरपाई अतिरिक्त सप्लाई से करने, केसीसी ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 15 मई तक बढ़ाने, हार्वेस्टर पर एसएमएस की अनिवार्यता समाप्त करने तथा चितौरिया तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग भी की गई। कार्यक्रम में संगठन के कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## बिजली चोरी रोकने गए अधिकारियों को कुल्हाड़ी से धमकाया

**दो साल से कटी लाइन पर चोरी से जला रहे थे बिजली; माफी मांगने पर छोड़ा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

टीलाखेड़ी नई बस्ती क्षेत्र में बिजली बिल वसूली और बिजली चोरी की जांच करने पहुंची बिजली कंपनी की टीम के साथ बदसलूकी और मारपीट के प्रयास का मामला सामने आया है।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दो आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने ले गई। बिजली कंपनी के जोन-2 अधिकारी शरद महोबिया ने बताया कि विभागीय टीम बकाया बिलों की वसूली और भौतिक सत्यापन के लिए क्षेत्र में पहुंची थी। टीलाखेड़ी नई बस्ती में रानी बाई, पति अजब सिंह के नाम पर करीब 68 हजार रुपए का बिजली बिल बकाया है। बकाया के कारण उनके घर की विद्युत लाइन लगभग दो साल पहले काट दी गई थी, इसके बावजूद परिवार द्वारा चोरी से बिजली उपयोग किए जाने की शिकायत मिल रही थी।

### सीढ़ी फेंकी, अधिकारी की कॉलर पकड़ ली

दोनों युवकों ने कर्मचारियों द्वारा लगाई गई सीढ़ी फेंक दी और एक अधिकारी का कॉलर पकड़ लिया। घर के अंदर से कुल्हाड़ी निकालकर कर्मचारियों को धमकाने और मारपीट करने का भी प्रयास किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को हिरासत में लिया। थाने आकर दोनों भाइयों ने माफी मांगी।

### दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

**कुरवाई।** न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश आनंद गौतम ने दुष्कर्म के मामले में दोषी अरविंद अहिरवार को 10 साल की सजा सुनाई। एजीपी राघवेन्द्र सिंह दांगी के अनुसार घटना 19 मई 2021 की है। पीड़िता इलाज कराने गंजबासौदा गई थी और वापस कुरवाई आने के लिए ऑटो का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान आरोपी अरविंद अहिरवार ने उसे कुरवाई छोड़ने का कहकर अपनी बाइक पर बैठा लिया। रास्ते में ग्राम रूसिया के कच्चे मोड़ पर आरोपी ने गाड़ी रोककर पीड़िता के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने कुरवाई में शिकायत दर्ज कराई थी।

## 1.29 करोड़ से बनेंगे 11 नए प्राथमिक स्कूल

**शिक्षा को मिलेगी मजबूती, भवन विहीन स्कूलों को मिली राहत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुरवास

सिरोंज-लटेरी विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिली है। क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा के प्रयासों से राज्य शिक्षा केन्द्र ने क्षेत्र में 11 नवीन प्राथमिक शाला भवनों के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की है।

इन भवनों के निर्माण पर लगभग 1 करोड़ 29 लाख रुपए की राशि व्यय की जाएगी। स्वीकृति मिलने के बाद क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। लटेरी तहसील अंतर्गत 6 प्राथमिक शालाओं में मदनखेड़ी, चंदाबंजारा, फिरोजगढ़, कोलूखेड़ी, कीलनखेड़ी और जालपुर के लिए प्रत्येक भवन हेतु 10 लाख 39 हजार 780 रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

वहीं सिरोंज तहसील में बंजारा टपरा और विशनपुर के लिए 17 लाख 88 हजार 500 रुपए तथा अहिरवार बस्ती, भूरी टोरी और ईटनपुरा के लिए 10 लाख 39 हजार 780 रुपए की स्वीकृति दी गई है। इन विद्यालयों में भवन नहीं होने के कारण कई जगह कक्षाएं खुले में और पेड़ों के नीचे संचालित हो रही थीं, जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों को गर्मी, सर्दी और बरसात में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब नए भवन बनने से बच्चों को सुरक्षित और बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा।



क्षेत्रवासियों ने इस स्वीकृति के लिए विधायक उमाकांत शर्मा, शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह और मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### निरीक्षण कर देखी कार्यालयों की व्यवस्था

**विदिशा।** अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने सोमवार को जिला शासकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर कर्मचारियों की उपस्थिति देखी। उन्होंने सुबह करीब 10:20 बजे जल संसाधन विभाग के अंतर्गत संचालित कार्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यपालन यंत्री जल संसाधन, एसडीओ डब्ल्यूआरडी क्रमांक 2, 5 व 8 तथा एसडीओ ईएनडीएम कार्यालयों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टर की जांच कर अधिकारियों-कर्मचारियों को समय पर कार्यालय आने के निर्देश दिए।

## पंचकल्याणक महोत्सव के समापन पर मोक्ष कल्याणक का मंचन

# हाथी-रथ पर निकाली श्रीजी की भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



जैन महाविद्यालय परिसर में छह दिवसीय श्री आदिनाथ जिनबिंब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव सोमवार को समाप्त हो गया। समापन भगवान आदिनाथ के मोक्ष कल्याणक के आयोजन के साथ हुआ। अंतिम दिन कैलाश पर्वत से भगवान आदिनाथ को मोक्ष पद की प्राप्ति का मंचन किया गया।

पांडाल में चतुर्निकाय के देवों और श्रद्धालु भक्तों ने भगवान का गुणगान किया। मंच पर कैलाश पर्वत की झांकी तैयार की गई थी, जिसमें प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ को चतुर्थ शुक्लध्यान में लीन दर्शाया गया। मोक्ष पद की प्राप्ति के बाद उनका नश्वर शरीर विलीन हो गया, केवल नख व केश शेष रह गए। इसके बाद अग्निकुमार देवों ने अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूर्ण की और हवन के साथ अनुष्ठान संपन्न हुआ। इसके बाद पंचकल्याणक में प्रतिष्ठित सभी जिनबिंबों की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में हाथी और रथ पर विराजमान श्रीजी को नगर भ्रमण कराते हुए शीतलधाम स्थित नवीन जिनालय तक ले जाया गया। वहां विधि-विधान के साथ उन्हें विराजमान कराया गया। मंदिर में प्रमुख कलश सहित चार अन्य कलश स्थापित किए गए और ध्वजारोहण का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ।

15 बग्गियों और रथों पर पंचकल्याणक में बने विभिन्न पात्र सवार थे। हाथी पर पंचकल्याणक के मुख्य पात्र सौधर्म इंद्र के रूप में सक्षम जैन श्रीजी को लेकर विराजमान थे। मुनिश्री संभवसागर महाराज ने प्रवचन में कहा कि जिस परम पद की प्राप्ति के लिए प्रभु ने अनेक भवों तक तप और पुरुषार्थ किया, उसी सिद्ध अवस्था को प्राप्त कर वे सदैव के लिए सिद्धशिला पर विराजमान हो गए।

## एआई एप से बढ़ रहा ठगी का खतरा युवाओं और बच्चों पर पड़ रहा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

डिजिटल तकनीक के विस्तार के साथ इंटरनेट पर तथाकथित एआई गर्लफ्रेंड, बॉयफ्रेंड और वर्चुअल रिश्ते बनाने वाली एप का चलन तेजी से बढ़ रहा है। साइबर विशेषज्ञों के अनुसार ये ऐप्स लोगों के अकेलेपन और भावनाओं का फायदा उठाकर उन्हें अपने जाल में फंसाती हैं।

शुरुआत में मुफ्त चैट और दोस्ती का प्रस्ताव दिया जाता है, फिर धीरे-धीरे भावनात्मक जुड़ाव बनाकर वीडियो कॉल या प्रीमियम फीचर के नाम पर पैसे मांगे जाते हैं। कई मामलों में यूजर्स से निजी फोटो या संवेदनशील जानकारी भी मांगी जाती है, जिसका बाद में ब्लैकमेलिंग या साइबर ठगी में इस्तेमाल किया जा सकता है।

सायबर एक्सपर्ट संयोग श्रीवास्तव के मुताबिक बच्चों और युवाओं के लिए ऐसे प्लेटफॉर्म खासतौर पर खतरनाक हैं, क्योंकि इससे डिजिटल लत, मानसिक प्रभाव और गलत लोगों के संपर्क का खतरा बढ़ सकता है। विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि अनजान ऐप डाउनलोड करने से पहले उसकी विश्वसनीयता जांचें, निजी जानकारी साझा न करें और अभिभावक बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर निगरानी रखें।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-5505
सरसों
न्यूनतम भाव -5200
उच्चतम भाव- 7400
चना
न्यूनतम भाव -2005
उच्चतम भाव- 5555
मसूर
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-7310
शरबती
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-3505
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-1985
उच्चतम भाव-2795
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2250
उच्चतम भाव-2250
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2960
उच्चतम भाव-3376
तुअर
न्यूनतम भाव-4940
उच्चतम भाव-4940
धनिया
न्यूनतम भाव-8000
उच्चतम भाव-9600
धान
न्यूनतम भाव-3150
उच्चतम भाव-3910
बटरी
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-4400
मक्का
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-1580
ज्वार
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-4000
मटर
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3975
उड़द
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-4050

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 42805 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### समस्याओं को लेकर शिवसेना आज सौंपेगी ज्ञापन


गंजबासौदा। शिवसेना जिलाध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह ठाकुर ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मंगलवार को शाम 4 बजे शिवसैनिकों द्वारा क्षेत्रवासियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जय स्तंभ चौक से एसडीओपी कार्यालय पहुंचकर एसडीओपी शिखा भलावी को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# रेलवे स्टेशन कार्यालय को मिला स्वच्छ कार्यालय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मासिक स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम चरण में वार्ड क्रमांक 1, 2 एवं 3 में प्रतियोगिता आयोजित की गई। वार्ड क्रमांक 1 में स्वच्छ कार्यालय का चयन किया गया, जिसमें रेलवे स्टेशन कार्यालय को स्वच्छता के मानकों पर उत्कृष्ट पाए जाने पर प्रथम स्थान प्रदान किया गया। रेलवे स्टेशन प्रबंधक एसके पाल को स्वच्छ कार्यालय के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद सौदान सिंह यादव, पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा, सहयोगी संस्था आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी से अभिषेक शर्मा, सुनील भावसार तथा संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के



दौरान सभी ने स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए नागरिकों से सहयोग की अपील की। इसके साथ ही नगर पालिका द्वारा त्रैमासिक स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से वार्डों में स्वच्छता को बढ़ावा देने, कार्यालयों को स्वच्छ बनाने और नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।

## परिजनों या अन्य निजी स्रोत से माह में दो बार दी जा सकेगी सामग्री

# जेल विभाग की निजी स्त्रोत योजना शुरू होने से कैदियों को लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्यप्रदेश जेल विभाग द्वारा जेल में बंद कैदियों के लिए निजी स्त्रोत से सामग्री योजना शुरु की गई है। जिसके शुरू होने से कैदियों के लिए लाभ मिलेगा। इस योजना के अंतर्गत बंदियों को उनके परिजनों के माध्यम से खाद्य सामग्री और व्यक्तिगत सामग्री प्रदान की जाएगी। जिसके लिए नियम लागू रहेंगे, केवल उपर्युक्त सूचीबद्ध सामग्री ही मान्य होगी। प्रत्येक सामग्री की मात्रा निर्दिष्ट सीमा तक ही स्वीकार्य होगी। एक माह में अधिकतम 2 बार ही सामग्री दी जा सकेगी, माह की गणना 15-15 दिन



के अंतराल के आधार पर होगी, परिजन द्वारा दी जाने वाली सभी सामग्री की जेल गेट पर अनिवार्य सुरक्षा जाँच की जाएगी।

**इन वस्तुओं की जाएगी आपूर्ति**

निजी स्त्रोत से सामग्री योजना के तहत जो खाद्य सामग्री दी जा सकेगी, उसमें 500 ग्राम पैक्ड अचार पंद्रह दिवस के लिए, बिस्किट 500 ग्राम पंद्रह दिवस के लिए, नमकीन 500 ग्राम पंद्रह दिवस के लिए, सलाद 500 ग्राम पंद्रह दिवस के लिए दी जा सकेगी। वहीं व्यक्तिगत सामग्री के तहत नहाने की दो साबुन पंद्रह दिवस के लिए, कपड़े धोने की चार साबुन पंद्रह दिवस के लिए, टूथपेस्ट 100 ग्राम पंद्रह दिवस के लिए, टूथब्रश एक दिया जा सकेगा।

**यह सामग्री रहेगी प्रतिबंधित**

मोबाइल, सिम, नशीले पदार्थ, तंबाकू, धारदार वस्तुएँ, इलेक्ट्रॉनिक सामान पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। सामग्री पारदर्शी पैकिंग, खुली अवस्था में लाना आवश्यक होगा। संदेहास्पद वस्तु पाए जाने पर सामग्री जब्त कर कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने पर मुलाकात सुविधा निरस्त की जा सकती है। इस संबंध में स्थानीय उपजेल के जेलर आलोक भार्गव से कई बार संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# रामायण पाठ के समापन पर हुआ भंडारा, हजारों ने पाई प्रसादी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

समीपस्थ ग्राम स्यारी स्थित श्रीश्री 1008 हनुमान महाराज मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चल रहे श्री राम चरित मानस अखंड पाठ का समापन सोमवार को हो गया। साथ ही गांव के युवाओं की सतत लगन और प्रयास से मंदिर का भी रंग रोगन कर उसका सौंदर्यीकरण किया गया है। इस अवसर पर कीर्तन के पश्चात पं श्यामलाल नायक, पं. रूपनारायण नायक, पं अरूण नायक के मार्गदर्शन में विधिवत पूजन अर्चन एवं हवन किया गया और उसके बाद मंदिर परिसर में प्रसादी वितरण एवं भंडारे का शुभारंभ हुआ। यह प्रसादी वितरण कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा। यहां उल्लेखनीय है कि ग्राम स्यारी के प्राचीन मंदिर का पूर्व में भी कई बार जीर्णोद्धार, रंगरोगन करने के प्रयास हुए थे। इस बार गांव के युवाओं ने पूरी कमान अपने हाथों में ली। सभी के सहयोग और युवाओं की सतत लगन एवं मेहनत से मंदिर का आकर्षक रंग रोगन कर दिया गया है। जिससे मंदिर की छटा निराली हो गई है। साथ ही मंदिर पर पिछले तीन माह से चल रहे अखंड रामायण पाठ का भी सोमवार को समापन किया गया। जिसमें आसपास के क्षेत्र से साधु संत, महात्माओं सहित स्थानीय ग्रामीण एवं आसपास के ग्रामीणों ने शामिल होकर धर्मलाभ एवं प्रसाद लिया।

# यातायात पुलिस ने बनाए चालान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए सोमवार शाम के समय जय स्तंभ चौराहे पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। उक्त वाहन चैकिंग अभियान यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में चलाया गया। चैकिंग अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 13 वाहन चालकों से कुल 7500 रुपए जुर्माना वसूला गया। यातायात पुलिस की द्वारा अचानक की कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और कई चालक पकड़े जाने के डर से गलियों में वाहन मोड़ते नजर आए। चेकिंग के दौरान कई नाबालिग किशोर दोपहिया वाहन चलाते हुए मिले। पुलिस ने इन वाहनों को रोककर मौके पर ही उनके परिजनों को बुलाया। अधिकारियों ने परिजनों को सख्त हिदायत दी कि भविष्य में नाबालिगों को वाहन न सौंपें, अन्यथा कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी ने बताया कि यह कार्रवाई मुख्य रूप से बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना वैध दस्तावेज और दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी ओवरलोडिंग बैठाने वालों के विरुद्ध की गई। पुलिस ने मौके पर ही चालान काटकर जुर्माना जमा कराया और वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई।

# नपा की त्वरित कार्रवाई, गार्डर के टुकड़े कटवाए, वाहन चालकों को मिली राहत



गंजबासौदा। नगर के त्योंदा रोड पर गोयल पेट्रोल पंप के पास पुलिया निर्माण के समय कर्मचारियों ने गार्डर काटने के दौरान उसके निचले हिस्से को छोड दिया था। जिससे अब पुलिया चौड़ीकरण के बाद वहां से वाहन निकलना शुरू हो गए और गार्डर के ये निचले हिस्से पहियों को क्षतिग्रस्त कर रहे थे। जिससे कई दोपहिया वाहनों एवं बड़े वाहनों के टायरों में कट लग गए थे। कर्मचारियों की इस लापरवाही और वाहन चालकों की समस्या को हरिभूमि समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसके बाद नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव के निर्देश पर नपा कर्मियों ने तत्काल कार्रवाई कर मंगलवार को कटर की मदद से सडक पर उभरे गाटरों के टुकडों को काट दिया। जिससे वाहनों के आवागमन में अब उनके टायर क्षतिग्रस्त होने की समस्या भी समाप्त हो गई है। वाहन चालकों ने समस्या के समाधान पर नपाध्यक्ष एवं नपा प्रशासन की सराहना की है।

# आदेश वापस लेने विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्यप्रदेश शासकीय शिक्षक संगठन द्वारा टीईटी के विरोध में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा पुनर्विचार याचिका दायर करने तथा शिक्षक विरोधी आदेश को वापस करने की मांग को लेकर विधायक हरिसिंह रघुवंशी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश से यह स्पष्ट होता है कि TET परीक्षा पर सर्वोच्च न्यायालय का आदेश के संबंध में आदेश जारी करने से पहले राज्य सरकार, मंत्रि मंडल एवं सचिवालय स्तर पर कोई भी संपर्क, सलाह एवं अभिमत तथा लिखित अनुमोदन संभवतः प्राप्त नहीं किया गया है, जो कि शासन नीति अनुसार लिया जाना अति आवश्यक था। यह कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश में याचक एक अशासकीय शिक्षण संस्था है तथा इसमें उत्तरदाता राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद नई दिल्ली है आदेश में यह भी स्पष्ट नहीं किया है कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद



नई दिल्ली द्वारा आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल को क्या आदेशित किया गया है। मध्य प्रदेश के समस्त अध्यापक, माध्यमिक तथा प्राथमिक शिक्षक अपनी प्रथम नियुक्ति शिक्षाकर्मी एवं संविदा शिक्षक से होते हुए आए हैं जो कि सेवा में निरंतर है। शिक्षाकर्मी पद पर हुई नियुक्ति सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से हुई थी। मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नवीन संशोधित शिक्षा कर्मी भर्ती अधिनियम सेवा-शर्तो के आधार पर विधिवत रूप से भर्तियां की गई थी। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी आदेशित किया है कि किसी भी कर्मचारी की भर्ती की सेवा-शर्ते उसकी नियुक्ति के बाद परिवर्तित नहीं की जा सकती हैं। ऐसी स्थिति में लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जो आदेश जारी किया गया है, वह आधिकारिक कार्यशैली तथा सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के विपरीत होना दृष्टिगत होता है। इस आदेश से मध्य प्रदेश के डेढ लाख से अधिक शिक्षकों में भय एवं रोष व्याप्त हो रहा है। अतः मध्यप्रदेश सरकार न्यायालय में पुनर्विचार याचिका लगाऐ तथा शिक्षक विरोधी आदेश तत्काल वापस लिऐ जाऐ।

# नपा सफाई अमले ने की साफ-सफाई

गंजबासौदा। नगर के वार्ड नंबर 2 खारे कुआं माता मंदिर के पास लगे कचरे के ढेर को नगरपालिका सफाई अमले द्वारा साफ, सफाई कर उसे नपा के ट्रेक्टर ट्राली से फिकवाया गया। यहां उल्लेखनीय है कि चेत्र नवरात्रि आगामी समय में शुरु होने वाले हैं। नवरात्रि में वार्ड के अनेक रहवासी माताजी के मंदिर पर चल चढ़ाने आते हैं। जिसको ध्यान में रखते आगे भी नपा सफाई अमले द्वारा साफ सफाई जारी रहेगी।



# एक दिवसीय क्षमतावृद्धि प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

गंजबासौदा। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था आवरण सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा सेक्टर उदयपुर में एक दिवसीय क्षमतावृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं की क्षमता का विकास करना तथा समाज कल्याण से जुड़े कार्यों को प्रभावी रूप से संचालित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि वर्षा राजेन्द्र चौरसिया, मंडल अध्यक्ष सचिन शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, उप सरपंच आकाश सेन एवं सचिव शैलेन्द्र साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। अतिथियों के स्वागत के पश्चात नवांकुर संस्था आवरण सोशल वेलफेयर सोसायटी के प्रमुख अमित शर्मा द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। उन्होंने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है और सभी समितियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए मिलकर कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सचिन शर्मा ने सभी समितियों को सक्रिय रहकर समाज सेवा के कार्यों में आगे आने का आह्वान किया तथा योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कही। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणदाताओं द्वारा समग्र विकास के चरण, CMCLDP कार्यक्रम एवं सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को संगठनात्मक कार्यप्रणाली एवं सामुदायिक विकास के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में सेक्टर की प्रस्फुटन समितियों से सुरेंद्र शर्मा, अंजली शर्मा, आस्था साहू, बसु सोनी, चंद्रभान दांगी, आशुतोष शर्मा, अभिलाषा शर्मा आदि सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हजारीलाल पाटस्कर एवं आभार गौरव शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया।

## प्रजापति ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने चलाया अभियान

# बेजुबान पक्षियों के लिए पानी के सकोरे रखे गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा पक्षियों को पानी के सकोरे रखने की मुहिम चलाई गई। जिसमें लोगों को प्रेरित करने के साथ-साथ सकोरे बांटें भी गए और स्वयं द्वारा पेड़ों पर सकोरे लगाकर लोगों को संदेश भी दिया गया। जिससे लोग जागरुक होकर अपना ख्याल रखने के साथ-साथ बेजुबान पक्षियों का भी ऐसी गर्मी में ख्याल रखें और उनके लिए भी पीने के पानी की व्यवस्था करें। अपने कार्य में स्नेह, दया और करुणा जैसे गुणों से संपन्न होना भी जरूरी है।

छोटे कार्यों से भी हम दुआएं कमा सकते हैं दुआओं के पात्र बन सकते हैं। दुआएं जीवन के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि हैं। जहां दुआएं हैं वहाँ हर कार्य सहज हो जाता है। दुआएं माँगने से नहीं मिलती, दुआएं कमानी पढ़ती हैं। निस्वार्थ सेवा भावना दुआओं का पात्र बनाती है। दुआओं से बड़ी कोई कमाई नहीं है। दुनिया में दुआओं से बड़ी कोई ताकत नहीं है। उक्त विचार ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने रखते हुए कहा कि जब हम दूसरों को दोषी ठहराते हैं तो अपनी पॉवर को कम कर देते हैं। दुखी हम खुद के विचारों से ही होते हैं। स्वयं के विचारों के निर्माता हम स्वयं हैं। उन्होंने कहा कि दूसरों को दुआ देने से हमारी पॉवर बढ़ती है। जितनी पॉवर आती है, उतनी ही पॉजिटिविटी बढ़ती है।


इसलिए अपनी स्थिति के लिए स्वयं को जिम्मेवार समझें। जितना हम स्वयं को जिम्मेवार समझते हैं, उतना ही हम स्वयं को परिवर्तन कर पाते हैं।ब्रह्माकुमारी रुकमणी दीदी ने कहा कि समाज सेवक छोटा भगवान होता है. उसके अंदर संवेदना, करुणा, दया की भावना, उदारता, क्षमा भाव जैसे गुण होते हैं इन्हीं गुण के आधार पर वह असहाय और असमर्थों की सेवा करता है, कहां की सच्चे समाज सेवकों को भगवान की तरफ से बहुत दुआएं मिलती है. उन्होंने दुआओं को दुनिया का सबसे बड़ा खजाना बताया, कहा कि जीवन में हमें ऐसे कर्म नहीं करने चाहिए जिससे हमें बददुआएं मिलती हो, बददुआएं श्राप का काम करतीं हैं और दुआएं आशीर्वाद का काम करतीं हैं इसलिए जीवन में सोच-समझकर ही कार्य करें। रामस्वरूप भाई ने कहा कि काफी समय से वो ब्रह्माकुमारी के सम्पर्क में हैं। जब भी वो बाहर कहीं जाते हैं तो सबसे पहले ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र पर जाते हैं। क्योंकि वहां जाने पर उन्हें एक अलौकिक वातावरण का अनुभव होता है, मन सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। तन के स्वास्थ्य का तो हम ध्यान रखते हैं। एक स्वस्थ मन ही खुशनुमा जीवन का माध्यम है। मन के स्वास्थ्य से ही परिवार स्वस्थ होता है और परिवार के स्वस्थ होने से राष्ट्र स्वस्थ बनता है।

### फागिंग मशीन से धुएं का छिड़काव कराया



गंजबासौदा। जैसे जैसे गर्मी का प्रकोप तेज होता जा रहा है। वैसे वैसे मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। पाराशरी नदी के वार्डों एवं निचली बस्तियों में मच्छरों का प्रकोप ज्यादा देखा जा रहा है। जिससे नगरवासियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आमजन की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका द्वारा शाम के समय नगर के त्योंदा रोड, मिल रोड सहित अन्य वार्डों की गलियों में फागिंग मशीन की सहायता से धुंए का छिड़काव कराया गया।

# नि:शुल्क नेत्र शिविर में हुई मरीजों की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वावधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ द्वारा स्वर्गीय द्रोपदी बाई और पिताजी स्वर्गीय कंछेदी लाल ताम्रकार की पुण्य स्मृति में उनकी पुत्रवधु मणि और पुत्र लाल बहादुर ताम्रकार सहित परिवार के विशेष सहयोग से हितकारिणी धर्मशाला में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक नेत्र शिविर का निशुल्क कैंप आयोजित किया गया। समिति द्वारा ताम्रकार का शाल, श्रीफल और फूल मालाओं से सम्मान किया गया और सहयोग के लिये आभार माना। शिविर में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के नेत्र रोग विशेषज्ञ डाक्टर हरि प्रसाद विदिशा सेंटर प्रतिनिधि रविंद्र रघुवंशी एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर, नीतू श्रीवास्तव और भोपाल से आए डॉक्टर हितेश मिचलानी ने 55 मरीजों की ओपीडी की गई। इसमें से 13 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए बस द्वारा सेवा सदन बैरागढ़ भेजा गया एवं 30 नेत्र रोगियों को जांच पश्चात निशुल्क दवाइयां दी गई तथा 12 नेत्र रोगियों को चश्मा बनवाने के लिए परामर्श दिया गया एवं दवाईयां वितरित की गई। इस मौके पर नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह, समिति के सह सचिव विनीत अरोरा, ब्लड प्रेशर जांच सहयोगी महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, सुरेश ताम्रकार, राधे श्याम साहू, सतपाल तनवानी, राजकुमार मलकानी, प्रकाश महेश्वरी, विष्णु ताम्रकार, राम गोपाल गुप्ता, नेतराम मिश्रा, सुभाष ताम्रकार, हेमंत राय, नाटू भाई, हरिनारायण ताम्रकार, चन्द्रशेखर ताम्रकार, रवीन्द्र जैन, दीपक ताम्रकार, देवी प्रसाद भावसार, खेमचंद मेहता, जगदीश भावसार, देवीलाल कुशवाह, रामबाबू दुबे सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## महामाई मंदिर मेले में भक्ति की गूंज, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

# कलाकारों ने दी पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति, धुनों पर झूम उठा समूह




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

शहर के प्रसिद्ध महामाई मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजित होने वाले भव्य मेले का शुभारंभ होते ही पूरे परिसर में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। मंदिर परिसर में सुबह से लेकर देर रात तक श्रद्धालुओं और दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है। मेले के अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिनका आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। रविवार को मेले के मंच पर विशेष रूप से राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में पारंपरिक घूमर नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जिसे देखकर उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए। इसके साथ ही चरस नृत्य की प्रस्तुति भी बड़े उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुई। जिसमें छाप तिलक सब छीनी रे गीत पर उपस्थित लोगों ने खूब थिरका, कलाकारों की रंगीन वेशभूषा और लोक संगीत की मधुर धुनों ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया।

### पुष्पमालाओं से किया कलाकारों का सम्मान

कार्यक्रम का शुभारंभ माता महामाई की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके पश्चात मंच पर पहुंचे कलाकारों का पुष्पमालाओं और सम्मान के साथ स्वागत किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देर रात तक चलती रहीं और बड़ी संख्या में श्रद्धालु तथा सांस्कृतिक प्रेमी देर रात तक रुककर कार्यक्रमों का आनंद लेते रहे। मेले के आयोजन में स्थानीय नागरिकों और आयोजन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कैलाश शर्मा, कुंवरलाल धाकड़, मनमोहन साहू, हरिबाबू भार्गव, सर्वेश शर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### देर रात तक दर्शकों ने लिया कार्यक्रम का आंनद

सोमवार को भी मेले के मंच पर ब्रज के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें ब्रज की लोकसंस्कृति और परंपराओं से जुड़े नृत्य एवं संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं।

## विश्व में मां से बढ़कर कोई शब्द नहीं, मां ने बेटे के हाथ दीक्षा लेकर इसे सार्थक किया : हार्दिक हुंडिया

### आचार्य प्रणाम सागर जी के माताजी की दीक्षा का अनमोल भावुक पल देखकर अभिभूत हुए भक्तगण



**सिरोंज।** विश्व में माँ से बढ़कर कोई शब्द नहीं है, इस शब्द में पूरी सृष्टि दिख जाती है। ह्लमाँ के लिये क्या बोले माँ ने ख़ुद हमें बोलना शिखाया है ये बात कहते हुये ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने कहा कि एक ऐसा भावुक दीक्षा का प्रसंग देखने को मिला जो जीवन में बहुत कम देखने को मिलता है। भक्तामर वाले बाबा आचार्य प्रणाम सागर जी गुरुदेव की निश्रा में पंचमेरु मानस्तंभ पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव और मातृ संयम महोत्सव, भक्तामर कलश तीर्थ भांडगांव में देखने का अनमोल अवसर मिला। हार्दिक हुंडिया ने कहा कि एक माँ ने अपने बेटे को जैन शासन की सेवा के लिए प्रभु महावीर में राह पर भेजा, सभी जीवो का कल्याण करने की भावना रखने वाले डॉ आचार्य प्रणाम सागर जी आज जैन समाज में भक्तमार वाले बाबा के नाम से भक्तमार की ज्योत घर घर में जाप हो , भक्तामर का महत्व कितना बड़ा है ये समझाकर जागृति का उत्कृष्ट कार्य कर रहे है। एक माँ ने अपने बेटे को जैन शासन को समर्पित किया तो बेटा एक जैनाचार्य बनकर जैन शासन की प्रभावना कर रहे हैं। माँ ने बेटे को अनमोल राह बताई तो अब बेटा भी माँ को परमात्मा की राह पर चला कर ये भव और पर भव दोनों सुधारने का मार्ग संयम जीवन में दूसरा जन्म दे रहा है। हार्दिक हुंडिया ने कहा कि जैन शासन में ऐसे माँ बेटे की अनमोल जोड़ी को लाख लाख वंदन है,जो ख़ुद की आत्मा के कल्याण के साथ साथ हम सभी की आत्मा के कल्याण कर रहे है।

## आप का अनोखा विरोध प्रदर्शन, ठेले पर सिलेंडर रखकर निकाला जुलूस



**सिरोंज।** बढ़ती गैस कीमतों और सिलेंडर की किल्लत को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने ठेले पर गैस सिलेंडर रखकर उसे माला पहनाई और शहर के बाजार में जुलूस निकालते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता नाम नरेंद्र, काम सिलेंडरह्व और ह्लस्मृति ईरानी रोड पर आओह्व जैसे नारे लगाते हुए बाजार से पुराने बस स्टैंड तक पहुंचे। कार्यकर्ताओं का कहना था कि गैस के दामों में लगभग 60 रुपए की बढ़ोतरी हुई है और कई जगह लोगों को समय पर गैस सिलेंडर भी नहीं मिल रहा है, जिससे आम जनता परेशान है। इस मौके पर जिला सचिव रजत सक्सेना ने कहा कि वर्तमान सरकार लोगों को लगातार लाइनों में खड़ा करने का काम कर रही है। पहले नोटबंदी के समय लोग बैंकों की लाइन में लगे, फिर कोरोना काल में ऑक्सीजन के लिए लाइनें लगीं और अब गैस सिलेंडर के लिए लोगों को लाइन में लगना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि महंगाई अपने चरम पर है और आम जनता इससे काफी परेशान है। इस दौरान जिला ओबीसी अध्यक्ष अभिषेक धाकड़, जिला उपाध्यक्ष डॉ. सोहिल अली, वाजिद खान, ओपी मैथिल, अमोल सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जन्मदिन पर ज्ञान का उजाला, 8 वर्षीय बच्चे के वजन के बराबर किताबें बांटी गई





**सिरोंज।** आज के दौर में जन्मदिन का मतलब अक्सर केक काटना, बड़े होटलों में पार्टी करना और दिखावटी आयोजनों से जुड़ गया है। इस पर लोग लाखों रुपए खर्च कर देते हैं। इसके बदले महंगे गिफ्ट और नकद राशि भी आती है। यदि ऐसे समय में कोई पिता अपने आठ वर्षीय पुत्र के जन्मदिन पर उसके वजन के बराबर पुस्तकें भेंट करने का संकल्प ले, तो यह समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बन जाता है। शहर में ऐसा ही एक अनूठा आयोजन देखने को मिला। एक आठ वर्षीय मारुति पुरोहित का जन्मदिन ह्यपुस्तक तुलाह्न के रूप में मनाया गया। इस विशेष आयोजन में बालक को तुला के एक पालने में बैठाया गया और उसके वजन के बराबर पुस्तकों को भेंट किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित परिजनों और बहनों ने पुस्तकों सहित मारुति की आरती उतारी। जैसे ही उसका वजन पूरा हुआ, वहां मौजूद बच्चों को आयोजन में पहुंचे प्रबुद्ध जनों के बीच पुस्तकें वितरित कर दी गईं।

### गुरुकुल परंपरा से प्रेरित पहल

यह पुस्तक तुला की प्रेरणा अहमदाबाद स्थित पुनरुत्थान विद्यापीठ से जुड़ी है, जो गुरुकुल पद्धति आधारित शिक्षा प्रणाली को पुनर्स्थापित करने के उद्देश्य से कार्यरत है। विद्यापीठ द्वारा भारतीय ज्ञानधारा पर आधारित लगभग 1200 पुस्तकों का प्रकाशन किया गया है। इन पुस्तकों में भारतीय तीज-त्योहार, रीति-नीति, संस्कार, महापुरुषों की जीवनियां और सांस्कृतिक मूल्यों का समावेश है। मारुति के पिता केसरी चंद्र पुरोहित ने बताया कि पुस्तकें किसी भी सुशिक्षित और सुसंस्कृत परिवार की पहचान होती हैं। मोबाइल, टैबलेट और एआई के इस युग में भी पुस्तकों का कोई विकल्प नहीं है। पुत्र के जन्मदिन पर ह्यपुस्तक तुलाह्न का आयोजन किया। वही मारुति के वजन के बराबर करीब साढ़े चार सौ छोटी-बड़ी पुस्तकें वितरित की गई। कुछ पुस्तकें पुस्तकालयों में भी दी गई। केसरी चंद्र पुरोहित वर्तमान में अपनी पत्नी मधु पुरोहित एवं पिता पूनम चंद्र पुरोहित माता कौशल्या देवी के साथ पुनरुत्थान विद्यापीठ के विचारों को समाज के बीच पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। उन्होने कहा कि मारुति किसी औपचारिक विद्यालय में नहीं जाता, फिर भी वह कई विधाओं में पारंगत है।

## 1 करोड़ 29 लाख रुपए की लागत से बनेंगे 11 नवीन प्राथमिक शाला भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



सिरोंज-लटेरी विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिली है। क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा विधानसभा अंतर्गत 11 प्राथमिक शाला भवनों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन भवनों के निर्माण पर लगभग 1 करोड़ 29 लाख रुपये की राशि व्यय की जाएगी। स्वीकृति मिलते ही क्षेत्रवासियों में हर्ष का वातावरण व्याप्त है। वही लटेरी तहसील अंतर्गत प्राथमिक शाला मदनखेडी, चंदाबंजारा, कोलूखेडी, कीलनखेडी, जालपुर, फिरोजगढ इन 6 प्राथमिक शाला भवनों के निर्माण हेतु प्रत्येक के लिए 10,39,780 की राशि स्वीकृत की गई है। वही सिरोंज तहसील अंतर्गत प्राथमिक शाला बंजारा टपरा 17,88,500 रूपये,प्राथमिक शाला हरिजन बस्ती 10,39,780 रूपये, प्राथमिक शाला भूरी टोरी 10,39,780 रूपये,प्राथमिक शाला ईटनपुरा 10,39,780 रूपये,प्राथमिक शाला विशनपुर 17,88,500 रूपये की इन 5 विद्यालय भवनों को स्वीकृति दी गई है।

### पहले पेड़ के नीचे लगती थीं कक्षाएं

उल्लेखनीय है कि इन विद्यालयों में पूर्व में भवन उपलब्ध नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को अत्यंत कठिन परिस्थितियों में पढ़ाई करनी पड़ती थी। कई स्थानों पर कक्षाएं खुले में, यहां तक कि पेड़ों के नीचे संचालित की जा रही थीं। बरसात, गर्मी और सर्दी के मौसम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। पर्याप्त कक्ष कक्षाओं के अभाव में शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। नवीन भवनों के निर्माण से अब बच्चों को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा। इससे न केवल पढ़ाई की गुणवत्ता में सुधार आएगा, बल्कि विद्यार्थियों की उपस्थिति और उत्साह में भी वृद्धि होगी। क्षेत्रवासियों ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए विधायक उमाकांत शर्मा, प्रदेश के शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह एवं मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। नागरिकों का कहना है कि यह निर्णय ग्रामीण अंचल में शिक्षा को मजबूती प्रदान करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम साबित होगा।

## पालकी में आएंगी मां अंबे, 19 मार्च से आरंभ हो रही चैत्र नवरात्रि पर्व

### 20 मार्च को होगा विक्रम नव संवत्सर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ रायसेन



इस वर्ष चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ 19 मार्च गुरुवार से होगा। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार इस बार माता भवानी का आगमन पालकी पर और प्रस्थान हाथी पर होगा। जिसे शुभ संकेत माना जाता है। नवरात्रि के दौरान विभिन्न शुभ योग भी बनेंगे।

पंडितों के अनुसार 19 मार्च को अमावस्या तिथि प्रातः 6.42 बजे तक रहेगी। इसके बाद प्रतिपदा तिथि शुरू होगी और उसी दिन से चैत्र नवरात्रि का आरंभ माना जाएगा। वहीं विक्रम संवत 2083 का शुभारंभ 20 मार्च शुक्रवार से होगा। चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से 27 मार्च तक मनाई जाएगी। इन नौ दिनों में भक्त माता दुर्गा के अलग-अलग नौ स्वरूपों की पूजा करेंगे। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस बार माता जगदंबे का आगमन पालकी से होने के कारण देश-समाज में सुख-समृद्धि और शांति का संकेत माना जा रहा है।नवरात्रि पर्व के अंतिम दिन माता रानी भगवती का प्रस्थान हाथी पर माना गया है, जिसे अत्यंत शुभ माना जाता है। इससे समृद्धि और खुशहाली बढ़ने की मान्यता है।

योतिषाचार्यों के अनुसार विक्रेम संवत 2083 में राजा गुरु और मंत्री मंगल रहेंगे। ग्रहों की स्थिति के अनुसार वर्ष में कई शुभ योग बन रहे हैं जिससे देश में विकास, व्यापार में वृद्धि और सामाजिक स्थिरता के संकेत मिलते हैं। सभी नौ दिन चैत्र नवरात्रि पर्व मां जगत जननी की आस्था सेवा समर्पित रहेंगे। चैत्र नवरात्रि पर्व पूरे नौ दिनों के रहेंगे। इस बार दो सर्वार्थ सिद्धि योग, दो रवि सीजन योग दो अमृत योग का महासंयोग बन रहा है।

## एडीजे कोर्ट प्रांगण में लगी नेशनल लोक अदालत

# बैंकों, बिजली के सैकड़ों प्रकरणों का निराकरण, लाखों की वसूली

**लोक अदालत में सैकड़ों प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण कर लाखों की वसूल की गई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



एडीजे कोर्ट प्रांगण में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ। लोक अदालत में विभिन्न बैंकों और बरेली बिजली विभाग डिवीजन के विभिन्न केन्द्रों से आए कर्मचारियों, अधिकारियों की उपस्थिति रही। सैकड़ों प्रकरणों का आपसी सहमति समझौता से निराकरण कर लाखों रुपए की राशि वसूल की गई।

न.प. द्वारा न.प. कार्यालय में लोक अदालत लगा कर जल कर, सम्पत्ति कर, दुकानों के किराये एवं अन्य वकाया राशि मामलों में 11 लाख रू. से अधिक राशि ब्याज की छूट आपसी समझोता से वसूल की गई। वही एडीजे कोर्ट में लगी लोक अदालत में बिजली में सेकड़ों प्रकरणों में लगभग 50 लाख की राशि वसूली की गई और छूट योजना का लाभ भी दिया गया।

### न्यायालयों में प्रकरणों का बोझ कम-

2026 में पहली नेशनल लोक अदालत का 14 मार्च को आयोजन हुआ। न्यायायिक, समझोता योग्य प्रकरणों में दोनों पक्षों की सहमति से सेकड़ों प्रकरणों का निराकरण होने से न्यायालयों में चल रहे प्रकरणों की संख्या कम होगी और समझोता होने से किसी की न हार और जीत होती है।

## कायस्थ समाज की बैठक में पदाधिकारी हुए नियुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

अ.भा. कायस्थ महासभा की बैठक समाज के वरिष्ठों एवं पूर्व पदाधिकारियों, सदस्यों की उपस्थिति में हुई। सम्पूर्ण समाज की सहमति से राजेश श्रीवास्तव एड. को अध्यक्ष, महामंत्री पद पर अखिल खरे एड. एवं राम कुमार सारंग को नियुक्त किया गया।

महामंत्री अखिल खरे ने बताया कि चित्रगुप्त मंदिर एवं कायस्थ समाज भवन निर्माण के लिए भूमि क्रय की गई है। समाज के सहयोग से शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। बैठक में राम नारायाण श्रीवास्तव, रामकुमार श्रीवास्तव एड., रामबाबू श्रीवास्तव, चंद्रकुमार श्रीवास्तव, विपिन श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव, प्रवीण सारंग, जय प्रकाश श्रीवास्तव सहित अन्यों की उपस्थिति रही और नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। पूर्व अध्यक्ष इन्द्रनारायण श्रीवास्तव एवं महामंत्री अभिषेक श्रीवास्तव, पत्रकार ब्रजेश श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया।

## गाय को राष्ट्रमाता सम्मान देने चार तहसील की निकली गौसम्मान रैली

**जयकारों के साथ निकली रैली का नर्मदा तट बौरास में हुआ समापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली




गौमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान सेवा सुरक्षा, गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध जैसी मांगों के लिए चार तहसीलों बाड़ी, बरेली, खरगौन, बम्होरी, सिलवानी, उदयपुराके गौ भक्तों द्वारा बाड़ी स्थित माँ हिंगलाज मंदिर से गौ माता की पूजन कर गौ सम्मान आव्हान अभियान यात्रा रैली प्रारंभ हुई। जिसका समापन नर्मदा तट बौरास में हुआ।

गौमाता की सुरक्षा सम्मान और गौ हत्या पूर्णतः बंद करने जैसी मांगों से सम्बंधित नारे लगाते हुए वाईक सवार, वाहनों में सवार और वेनर लेकर पैदल चल रहे युवा गौ भक्तों में जन जाग्रति के लिए जमकर नारे बाजी की जाती रही। रैली के दौरान गौ भक्तों द्वारा पंपलेट भी बांटे गए।

### 27 अप्रैल को देगें ज्ञापन

गौमाता को सम्मान दिलाने, गौमाता को राष्ट्रमाता दर्जा दिए जाने 27 अप्रैल को गौ भक्तों द्वारा तहसीलदारों, एसडीएम, कलेक्टर को राज्य एवं केन्द्र सरकार को सम्बोधित ज्ञापन सोंपने का आव्हान किया गया।

27 जुलाई 26 को गौ सम्मान दिवस मनाने का आव्हान किया गया है। गौ सम्मान यात्रा के दौरान गौ भक्तों युवाओं से गौ सम्मान अभियान से जुडऩे का भी आग्रह किया जाता रहा। निकली यात्रा रैली का उदयपुरा तहसील के नर्मदा तट बौरास में समापन हुआ।

## नर्मदा के हीरापुर घाट पर डूबा युवक, अलीगंज में मिला शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेल

नर्मदा तट अलीगंज में रविवार की दरमियानी रात को नर्मदा किनारे एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस ने पहुंच कर शव को बरेली अस्पताल भेजा गया। सुबह पीएम कराकर परिजनों को शव सौंप दिया गया।

मृतक दीपक अहिरवार भोपाल से नरसिंहपुर जिले के तेंदूखेड़ा शासकीय हाई स्कूल में पुताई का कार्य करने अपने भाई और मजदूरों के साथ आया था 12 मार्च को नर्मदा नहाने हीरापुर घाट गया ,गहरे पानी मे जाने से दीपक नर्मदा में बह गया।

पुलिस ने एसडीआरएफ की मदद से दो दिन तक लगातार तलाश किया लेकिन मृतक दीपक नही मिला रविवार को रात 9 बजे के करीब अलीगंज नर्मदा तट पर लाश मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया और लाश को अस्पताल पीएम के लिए भेजा।

## कार्रवाई: व्यावसायिक दुकानों से जब्त किए घरेलू गैस सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली



कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार राजस्व एवं खाद्य विभाग के संयुक्त दल द्वारा गत दिवस बरेली क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस के दुरुपयोग संबंधी जांच की गई जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व संतोष मुद्गल, तहसीलदार रामजी लाल वर्मा, सहायक आपूर्ति अधिकारी श्रीमती आपूर्ति रावत एवं राजस्व अमला शामिल रहा।

जांच दल द्वारा क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों में छापामार कार्यवाही करते हुए न्यू राजस्थान स्वीट्स, गुजराती स्वीट्स, भावसार मिष्ठान, आरवी कैफे, मां नर्मदा रेस्टोरेंट, दीपक रेस्टोरेंट, कुन्नू का ढाबा, द इंडियन रिजॉर्ट , हरिहर ढाबा, गुरु कृपा ढाबा, सरल फूड प्लाजा, भैया जी वेज एवं नॉनवेज ढाबा, वैष्णवी ढाबा, रामपत रेस्टोरेंट, मिडवे ट्रीट, आशुतोष ढाबा, मां नर्मदा ढाबा एवं वैष्णवी रिजॉर्ट इत्यादि छोटे-बड़े सभी प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया।

उक्त कार्यवाही में आर वी कैफ़े से दो घरेलू गैस सिलेंडर, मां नर्मदा रेस्टोरेंट से चार घरेलू गैस सिलेंडर, दीपक रेस्टोरेंट से दो घरेलू गैस सिलेंडर, कुन्नू का ढाबा से तीन घरेलू गैस सिलेंडर, आशुतोष ढाबा से दो घरेलू गैस सिलेंडर, मां नर्मदा ढाबा से दो घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किए गए हैं।

क्षेत्र में इस प्रकार छापामार कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। जिससे घरेलू एलजी दुरुपयोग पर अंकुश लगाया जा सके एवं एलपीजी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

## खबर संक्षेप

### गौ माता को 'राष्ट्र माता' घोषित करने की मांग



**बाड़ी।** गौ माता के सम्मान, सुरक्षा और सेवा के संकल्प के साथ क्षेत्र में 'गौ माता सम्मान आव्हान अभियान यात्रा' का भव्य आयोजन किया गया। बाड़ी स्थित प्रसिद्ध मां हिंगलाज मंदिर में गौ पूजन के साथ इस यात्रा का विधि-विधान से शुभारंभ हुआ। यात्रा के दौरान बाड़ी, बरेली, खरगोन, बमौरी, सिलवानी और उदयपुरा के विभिन्न क्षेत्रों में गौ भक्तों का भारी उत्साह देखने को मिला। चार तहसीलों से गुजरते हुए इस जन-जागरण यात्रा का समापन नर्मदा तट स्थित बोरास घाट पर हुआ। यात्रा के दौरान 'गौ माता राष्ट्र माता' के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को गौ सेवा के प्रति जागरूक करना और शासन से गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग करना है।

### सांची से छींद धाम तक निकाली पदयात्रा



**सांची।** नगर के श्रद्धालुओं द्वारा सांची से बरेली स्थित छींद धाम तक पद यात्रा की जा रही है। श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हुए 17 मार्च मंगलवार को छींद धाम पहुंचेंगे। वहां पर भंडारा एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। भगवान बजरंगबली के चरणों में माथा टेका जाएगा। इस यात्रा में लोग रास्ते में भी शामिल होते हुए जाएंगे। इस यात्रा का जगह-जगह लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया जा रहा है। यात्रा का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम अहिरवार द्वारा किया गया।

### 'बीएसएनल' के नेटवर्क ठप, लोग हो रहे परेशान

**सांची।** जहां सांची यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है, वहां पिछले लगभग 6 महीनों से बीएसएनएल सिम के नेटवर्क लगभग ठप पड़ा हुआ है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में 2जी और 3जी सेवाएं पूरी तरह बंद हैं, जबकि 4जी भी केवल 700 बैंड पर सीमित रूप से संचालित हो रहा है, जिससे कॉलिंग और इंटरनेट दोनों में भारी दिक्कत आ रही है। इस कारण स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और यहां आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने दूरसंचार विभाग और कंपनी के जिम्मेदारों से मांग की है कि नेटवर्क व्यवस्था को जल्द से जल्द दुरुस्त किया जाए।

---

- श्रीरामलीला मैदान से एसडीएम कार्यालय तक कतारबद्ध मौन होकर पहुंचे हिन्दू संगठन, सौंपा ज्ञापन
- तोप चलाने पर तत्काल रोक लगाने की प्रशासन से की मांग
- कहा - तोप चलाने से राष्ट्रीय धरोहर को हो रहा नुकसान
- मांगे नहीं मानी तो बाजार बंद करने की दी चेतावनी



**तोप चलाना हो तत्काल बंद** — सड़कों पर उतरा सकल हिन्दू समाज, एडीएम को सौंपा ज्ञापन

# तोप के धमाके से दहल रहा किला, हिंदू संगठनों ने किया मौन प्रदर्शन... नगर बंद की दी चेतावनी

रमजान माह में ऐतिहासिक दुर्ग पर तोप चलाने के मामले को लेकर शहर में विरोध तेज हो गया है। सोमवार को विभिन्न हिंदू संगठनों ने एकजुट होकर मौन जुलूस निकालते हुए प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। संगठनों का कहना है कि दुर्ग पर तोप चलाना किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से तत्काल इस पर रोक लगाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि तत्काल तोप चलाना बंद नहीं किया तो उग्र आंदोलन के तहत अनिश्चितकालीन नगर बंद कर विरोध किया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को शहर के प्रमुख हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्रित हुए और शांतिपूर्ण तरीके से मौन जुलूस निकाला। जुलूस शहर के श्रीरामलीला मैदान से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचा, जहां प्रतिनिधिमंडल ने एएडीएम मनोज उपाध्याय को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया कि ऐतिहासिक दुर्ग राष्ट्रीय धरोहर है और यहां इस तरह से तोप चलाना विरासत को नुकसान पहुंचाने जैसा है। जुलूस के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराया। तख्तियों पर दुर्ग की सुरक्षा और तोप चलाने पर रोक लगाने की मांग लिखी हुई थी। पूरे जुलूस के दौरान कार्यकर्ता मौन रहे और अनुशासित तरीके से अपनी बात प्रशासन तक पहुंचाई।



» सकल हिंदू समाज संगठनों और व्यापारियों ने कलेक्टर एवं मुख्यमंत्री के नाम दो अलग-अलग सौंपे ज्ञापन।

### तोप चलाने से किले की संरचना को पहुंच रहा नुकसान

संगठनों का आरोप है कि दुर्ग क्षेत्र पुरातात्विक और पर्यावरणीय दृष्टि से बेहद संवेदनशील है। ऐसे में बार-बार तोप चलाने से किले की संरचना को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि यह इलाका वन्यजीवों का विचरण क्षेत्र है, जहां टाइगर और तेंदुआ जैसे वन्यजीव भी देखे जाते हैं। तोप की तेज आवाज से वन्यजीवों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। विरोध कर रहे लोगों का कहना है कि दुर्ग के आसपास रहवासी इलाके भी हैं। ऐसे में तोप चलाने से आसपास रहने वाले लोगों की जान-माल को भी खतरा हो सकता है। उन्होंने प्रशासन से सवाल किया कि जब यह क्षेत्र संवेदनशील है तो फिर यहां तोप चलाने की अनुमति किस आधार पर दी गई। इससे पूर्व राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने भी प्रशासन पर अनुमति को लेकर प्रश्न चिन्ह खड़े किए थे।

### गंभीरता दिखाते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग

मौन जुलूस में शामिल संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं बल्कि ऐतिहासिक धरोहर और जनसुरक्षा को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मामले में गंभीरता दिखाने और तुरंत कार्रवाई करने की मांग की।

संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द ही इस मामले में उचित निर्णय नहीं लिया तो शहर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा अगला कदम अनिश्चितकालीन नगर बंद होगा, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह प्रशासन की होगी। इस दौरान कई सामाजिक संगठनों और लोगों ने भी आंदोलन का समर्थन किया। उन्होंने कहा धरोहर की सुरक्षा और नागरिकों की सुरक्षा सबसे पहले होनी चाहिए।

### जल्द ही निर्णय लिया जाएगा

सकल हिंदू समाज संगठनों और व्यापारियों द्वारा आज कलेक्टर एवं मुख्यमंत्री के नाम दो अलग-अलग ज्ञापन दिए गए हैं। प्रशासन द्वारा जल्द ही चर्चा कर निर्णय लिया जाएगा।

**- मनोज उपाध्याय,** एडीएम रायसेन

### तोप बंद नहीं हुई तो होगा अनिश्चितकालीन बाजार बंद

किले पर तोप चलाने से राष्ट्रीय धरोहर को नुकसान पहुंच रहा है।



पहले भी कई बार प्रशासन को इस विषय में ज्ञापन सौंपे जा चुके है, परन्तु कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब अगर तत्काल कार्रवाई करते हुए तोप चलाना बंद नहीं किया जाता है तो उग्र आंदोलन करते हुए अनिश्चित कालीन बाजार बंद किया जाएगा।

**- बंटी माहेश्वरी,** व्यापार प्रतिनिधि।

### लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन किया जाएगा

हिन्दू समाज द्वारा मौन जुलूस निकाल कर आज



फिर एक बार प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में असंवैधानिक परमिशन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए, नहीं तो लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन किया जाएगा।

**- धीरेंद्र सिंह कुशवाह,** समाजसेवी।

### तोप की आड़ में देश विरोधी गतिविधियां पर लगे रोक

भारत के नागरिक होने के नाते ऐसा कोई भी कृत्य नहीं करना



चाहिए, जिससे हमारी राष्ट्रीय धरोहर को नुकसान पहुंचे। तोप से धरोहर को नुकसान हो रहा है। वहीं इसकी आड़ में कुछ लोगों द्वारा देश विरोधी गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं इसे तत्काल रोक लगे।

**- बद्रीप्रसाद पाराशर,** जिला संयोजक, बजरंग दल रायसेन।

### प्रशासन टालता आ रहा बात, अब चुप नहीं रहेंगे

कई वर्षो से रायसेन किले पर रमजान के महीने में तोप का



संचालन किया जा रहा है, जो कि अवैध है। हम लोगों द्वारा कई बार इसे बंद करने की मांग की गई है, परन्तु प्रशासन द्वारा हमारी बात को टाला जा रहा है। इस बार हम चुप नहीं रहेंगे, तोप संचालन की अनुमति को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए।

**- नरेंद्र माहेश्वरी,** वरिष्ठ नागरिक।

### भारत देश में देश विरोधी गतिविधियां बर्दाश्त नहीं

भारत देश में देश विरोधी गतिविधिया बर्दाश्त नहीं की



जा सकती है। हम प्रशासन से मांग करते है कि तोप चलाना तत्काल बंद हो और देश विरोधी गतिविधियां कर रहे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए। अन्यथा हमें उग्र आंदोलन के लिए विवश होना पड़ेगा।

**- राहुल परमार,** हिन्दू संगठन।

---

# सात दिवसीय 'युवा आपदा मित्र' प्रशिक्षण कार्यक्रम का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित चिड़ियाटोल वन परिसर में सात दिवसीय 'युवा आपदा मित्र' प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा और डीएफओ प्रतिभा शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर किया।



इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा की स्थिति में प्रशिक्षित युवाओं की त्वरित और जागरूक भूमिका जान-माल की सुरक्षा में बेहद महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने युवाओं से प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और आपदा के समय समाज की मदद के लिए आगे आने का आह्वान किया। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने कहा कि प्राकृतिक और मानवजनित आपदाओं के दौरान प्रशिक्षित स्वयंसेवक राहत और बचाव कार्यों में प्रशासन की बड़ी ताकत साबित होते हैं।

# बेसर कॉलोनी में तेंदुए का हमला, पहले गाय और अब बकरे को बनाया शिकार, दहशत में ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर/दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम बेसर कॉलोनी में तेंदुए की लगातार बढ़ती गतिविधियों से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। रविवार रात करीब 9 बजे तेंदुआ गांव में घुस आया और ओमप्रकाश के घर से एक बकरे को उठाकर ले गया। घर के लोगों को आहट होने पर जब वे बाहर आए तो देखा कि तेंदुआ बकरे को लेकर जा रहा है।



ग्रामीणों ने शोर मचाया तो तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। बाद में बकरे को देखा गया तो वह मृत पाया गया।पीड़ित ओमप्रकाश ने बताया कि इससे पहले 2 मार्च को भी उनकी गाय को तेंदुए ने अपना शिकार बना लिया था। इसके अलावा गांव के कई मवेशियों पर भी तेंदुआ हमला कर चुका है। लगातार हो रही घटनाओं से गांव के लोगों में डर का माहौल है। पीड़ति ग्रामीण ने वन विभाग से मुआवजा राशि की मांग की है।

पश्चिम वन क्षेत्र के ग्राम कायमपुर, नरखेड़ा, कुल्हाड़ि‍या और सत्ती गांव सहित आसपास क्षेत्र में तेंदुए के बढ़ते आतंक से भी ग्रामीण परेशान और भयभीत हैं। गांव में तेंदुआ लगातार मवेशियों को अपना शिकार बना रहा है।

पिछले एक साल में तेंदुआ अब तक 30 मवेशियों पर हमला कर चुका है। कुछ दिन पूर्व भी एक ग्रामीण के घर के पीछे बंधे गाय के बछड़े पर तेंदुए ने हमला किया था। यह घटना रात करीब 2 बजे की थी। तेंदुए के हमले से बछड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया था और जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करते हुए उसकी मौत हो गई थी। बताया कि एक साल पहले भी उनके एक अन्य बछड़े को तेंदुआ अपना शिकार बना चुका है। यह दूसरी बार था जब उनके मवेशी पर तेंदुआ ने हमला किया।

---

**मां कर्मा देवी के आदर्शों को स्मरण कर एकता को आगे बढ़ाने दिया संदेश**

# उत्साह के साथ मनाई मां कर्मा बाई की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को साहू समाज की आराध्य देवी माँ कर्मा बाई की जयंती कस्बा नकतरा में श्रद्धा, आस्था और भक्ति भाव के साथ उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर साहू समाज के लोगों ने धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर माँ कर्मा देवी को स्मरण किया। साहू समाज नकतरा के तत्वावधान में आयोजित जयंती समारोह में समाज के लोगों ने डीजे, ढोल-नगाड़ों और माँ कर्मा देवी की आकर्षक झांकी के साथ नगर में भव्य चल समारोह निकाला।

चल समारोह में समाज के युवा, महिलाएं और बच्चे नाचते-गाते हुए पूरे उत्साह के साथ शामिल हुए। नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली इस शोभायात्रा का कई स्थानों पर स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान माँ कर्मा देवी की विधिवत पूजा-अर्चना कर उनकी प्रिय खिचड़ी का भोग अर्पित किया गया। इसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं को



प्रसादी का वितरण किया गया। पूरे आयोजन में भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहा।

जयंती कार्यक्रम के अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं, मातृशक्ति और नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। सभी ने माँ कर्मा देवी के आदर्शों को स्मरण करते हुए समाज में एकता को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। साथ ही समाज के उत्थान और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प भी लिया गया।कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों, समाजबंधुओं, युवाओं और मातृशक्ति का आभार व्यक्त किया गया। अंत में समाजजनों द्वारा सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया।

### मां कर्मा देवी की जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**बाड़ी।** नगर में कर्मा देवी जयंती पर साहू समाज नगर अध्यक्ष शरद साहू एवं सकल साहू समाज के नेतृत्व में बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। जयंती के अवसर पर भव्य जुलूस निकाला, जिसकी शुरुआत पुराने बाजार से मां कर्मा देवी की आरती के साथ हुई। शोभयात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ बस स्टैंड स्थित मां कर्मा देवी मंदिर पहुंचा जहां विधि-विधान से महाआरती कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस बीच जगह जगह पुष्प वर्षा कर कर्म जी की पूजा अर्चना की गई।

इसके बाद समाज के सभी लोग सीता स्वयंवर मैरिज गार्डन पहुंचे, जहां आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम से पूर्व मंचासीन समाज के प्रबुद्ध जनों ने समाज में फैली रुढ़ीवादियों को खत्म करने के सुझाव रखे।

# गेंहू पंजीयन की तिथि बढ़ाने की मांग पर किसान जागृति संगठन ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन की अवधि बढ़ाने सहित अन्य मांगों को लेकर किसान जागृति संगठन के किसानों द्वारा लामबंद होकर ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

जिसमें किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए जल्द निर्णय लेने की मांग की गई है।ज्ञापन में बताया गया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन के दौरान कई किसानों का पंजीयन नहीं हो सका। जिससे वह काफी परेशान हैं।इसका मुख्य कारण होली और रंगपंचमी के त्यौहार जैसे शासकीय अवकाश, सर्वर का बार-बार डाउन रहना, वेबसाइट का धीमा चलना तथा गिरदावरी का सिंक नहीं होना बताया गया है। इन समस्याओं के



कारण कई किसान पंजीयन से वंचित हैं। जिससे वे मानसिक रूप से परेशान और प्रताड़ित भी हैं।

किसान जागृति संगठन के जिला पदाधिकारियों ने मांग की है कि किसानों की परेशानी को देखते हुए गेहूं पंजीयन के लिए पोर्टल को कम से कम एक सप्ताह के लिए दोबारा खोला जा।ताकि जो किसान पंजीयन से वंचित रह गए हैं, वे भी अपना पंजीयन करा सकें। इसके साथ ही ज्ञापन में गेहूं के समर्थन मूल्य को लेकर भी मांग रखी गई है।

संगठन के सदस्यों का कहना है कि भाजपा शासित राज्य राजस्थान में गेहूं की खरीदी 2725 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से की जा रही है। जबकि प्रदेश में किसानों को 2700 रुपए प्रति क्विंटल देने की घोषणा की गई है।